दैनिक जागरण 03/04/2026

रोजगार मेले में 800 ने लिया भाग, 16 कंपनियां पहुंचीं

अंबाला कैंट के जीएमएन कालेज में रोजगार मेले में शामिल विद्यार्थी • विज्ञप्ति

अंबाला • विज्ञप्ति : गांधी मेमोरियल नेशनल कालेज अंबाला छावनी में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में कुल 16 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। आनलाइन रजिस्ट्रेशन के माध्यम से 560 विद्यार्थियों ने अपना पंजीकरण कराया, जबकि कुल 1300 से अधिक विद्यार्थियों ने इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाया। प्राचार्य डा. रोहित दत्त ने कहा कि ऐसे रोजगार मेले विद्यार्थियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण मच सिद्ध होते हैं। कंपनियों के प्रतिनिधियों ने विद्यार्थियों का इंटरव्यू लेकर उनको शार्टलिस्ट किया। कालेज में विश्व आटिज्म जागरूकता दिवस के अवसर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन मनोविज्ञान विभाग, मेंटल हेल्थ क्लब, साइकोलाजिकल काउंसलिंग सेंटर, स्टूडेंट सर्विस सेंटर और नेशनल टास्क फोर्स के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। छात्रों के मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देने हेतु जाति-आधारित भेदभाव की रोकथाम विषय पर एक प्रभावशाली एवं जागरूकता से परिपूर्ण रैली का आयोजन किया गया।